## चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 26.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 26.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनांक 26.07.2025 को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिनांक 27.07.2025 को आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0)

परीक्षा-2023 को सकुशल नकलविहीन,शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सुषमा स्वरूप इण्टरनेशनल स्कूल अशोह पहाड़ी का निरीक्षण किया गया।
जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सुषमा स्वरूप इण्टरनेशनल स्कूल अशोह पहाड़ी में पंहुचकर स्कूल में लगे सीसीटीवी व व्यव्सथा का जायजा लिया तथा स्कूल प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि स्कूल के आस पास 500 मीटर की दूरी तक किसी तरह की फोटोकॉपी/साइबर कैफे आदि न खुले साथ ही साथ स्कूल में बने शौचालय,पानी,बिजली,पंखा,स्टूल,टेबल आदि को तत्काल सही कराये। परीक्षा केन्द्र में सादे पेपर,पेन्सिल,बॉक्स,कैलकुलेटर,पर्स,चश्मा,कैप,ज्वैलरी,फुड ईटम,मोबाइल,यूएसबी,कैमरा,घड़ी,चाभी,ब्लूटूथ,डिजिटल पेन,हेल्थ बैण्ड,कॉपी,किताब,पॉलीथीन,बैग,नोट्स,ब्रीफकेस,आदि सामाग्री लेकर किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश न दिया जाए।

**(4).** आज दिनाँक 26.07.2025 को मंडलाआयुक्त श्री अजीत कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 की अध्यक्षता में जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट की उपस्थिति में थाना राजापुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। साथ ही साथ समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
भूमि सम्बन्धित मामलों पर उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से कहा कि राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता पर कब्जा मुक्त कराया जाये।
इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह, थानाध्यक्ष राजापुर श्री पंकज तिवारी व राजस्व/पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।
आवेदिका श्री वन्दना पत्नी अभिषेक निवासी राजापुर ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि पति व ससुरालीजनों द्वारा लड़ाई झगड़ा,गाली गलौज करना तथा घर से बाहर निकाल देने के सम्बन्ध में प्राप्त हुआ था पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उ0नि0 श्रीमती गीता देवी,महिला मुख्य आरक्षी श्रीमती रजनी देवी व महिला आरक्षी शिवाग्नी द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस मे पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

**<u>समझौता कराने वाली टीमः-</u>**

1.प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उ0नि0 श्रीमती गीता देवी

2.महिला मुख्य आरक्षी श्रीमती रजनी सिंह
3.महिला आरक्षी शिवाग्नी

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री गौरव तिवारी मय हमराह आरक्षी नीलेश कुमार व महिला आरक्षी आरती मिश्रा द्वारा मु0अ0स0 1079/17 मु0नं0 900/18 धारा 324,323,504,5065 के वारण्टी अभियुक्त मनोज उर्फ टिप्पू पुत्र शिवप्रसाद सोनी निवासी मणिकुंज सोनरहरी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(7).** दिनाँक 27.07.025 को आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा-2023 को जनपद में सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराए जाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अदीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा-2023 ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण की ब्रीफिग की गयी। महोदय द्वारा ड्यूटी में लगे सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर समय से पहुँचने व मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करने हेतु कहा गया साथ ही सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जो निम्नवत है।

1.परीक्षा केन्द्रो में चेकिंग फिक्सिंग में लगे पुलिस बल यह सुनिश्चित करेगे की कोई भी अभ्यर्थी अपने साथ निम्न सामग्री जैसे-सादे पेपर पेन्सिल बॉक्स, कैलकुलेटर, पर्स, चश्मा, कैप, ज्वैलरी, फूड आईटम, मोबाइल, यू०एस०बी०, कैमरा, घडी, चांबी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थ वैण्ड, कॉपी, किताब अपने साथ परीक्षा कक्ष में न ले जा पाये।

2.परीक्षा केन्द्रो मे चेकिंग फिक्सिंग मे लगे पुलिस बल यह सुनिश्चित करेगे की अभ्यर्थी ई-प्रवेश पत्र के साथ, मूल फोटो पहचान पत्र, यथा आधार कार्ड, वोटर आईडी साथ अवश्य लेकर प्रस्तुत करने के उपरान्त परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा।

3-महिला अभ्यर्थियों की तालाशी महिला पुलिस कर्मी एवं पुरुष अभ्यर्थियों की तलाशी पुरुष पुलिस कर्मी द्वारा की जायेगी। जिनका मुख्य दायित्व यह है कि कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा सम्बन्धी निषिद्ध सामग्री परीक्षा कक्ष के अन्दर न ले जा सकें। केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा उनके नियत मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

4- परीक्षा केन्द्र परिसर में अभ्यर्थियों, कर्मचारियों, उड़नदस्तें आदि सहित किसी भी व्यक्ति को बिना तलाशी के प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

5- परीक्षा ड्यूटी में लगे ऐसे समस्त कार्मिकों, जिनके पुत्र-पुत्री, पारिवारिक व्यक्ति या निकट सम्बन्धी इस परीक्षा में सम्मिलित नही है, से निर्धारित प्रारूप पर "निकट सम्बन्धी" के परीक्षा में न बैठने का प्रमाण पत्र (No Relation Certificate) अवश्य भरवा लिया जाए।

6- परीक्षा केन्द्र पर ड्यूिटीरत पुलिस बल परीक्षा केन्द्र परिसर में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के पूर्ण रूपेण उत्तरदायी होगें। परीक्षा केन्द्र/विद्यालय परिसर के निकट किसी भी संदिग्ध / जनता के व्यक्तियों को नहीं आने देगें।

7- जब तक केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा अपेक्षा न की जाय, तब तक कोई पुलिस कर्मी / पुलिस अधिकारी परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं करेगे।

8- प्रभारी निरीक्षक कोत० कर्वी /बहिलपुरवा/रैपुरा/थानाध्यक्ष पहाड़ी / चौकी प्रभारी सीतापुर/शिवरामपुर चित्रकूट को इस निर्देश के साथ कि परीक्षा ड्यूिटी में लगे पुलिस बल का सतत् निरीक्षण / पर्यवेक्षण करते रहेगें।

9- प्रभारी यातायात उपरोक्त परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था बनाये रखनें हेतु पर्याप्त संख्या में यातायात कर्मचारियों की डियुटी प्रमुख चौराहों/तिराहों/बस स्टैण्ड एवं परीक्षा केन्द्रों के प्रमुख द्वार पर लगाना सुनिश्चित करेगे।

10- परीक्षा ड्यूिटी में नामित सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारीगण यह भी सुनिश्चित करेगें कि परीक्षा केन्द्रों से 500 मीटर की दूरी तक किसी भी तरह की फोटोकापी / साइबर कैफे आदि न खुलने पाये। यदि कोई संदिग्ध अवस्था में पाया जाय तो नियमानुसार विधिक कार्यवाही करें।

11-परीक्षा ड्यूिटी में नामित पुलिस बल में से यदि कोई कर्मी अवकाश, अनुमति में मुख्यालय से बाहर है तो सम्बन्धित प्रभारी नामित कर्मी के प्रतिस्थानीय के रूप में अपने थाना/चौकी / शाखा से समय से ड्यूिटी में भेजना सुनिश्चित करेगें।

12- प्रभारी प्रज्ञान उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करानें हेतु एचएचएमडी के साथ नामित पुलिस कर्मियों को ब्रीफिंग से पूर्व चेकिंग/फिक्सिंग का प्रशिक्षण स्वयं एवं प्रशिक्षित कर्मी से कराना सुनिश्चित करेगें। इसके साथ ही एचएचएमडी को पूर्व से चार्ज कर परीक्षा दिवस हेतु तैयार रखेगें।

ब्रीफिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री अरविन्द्र कुमार वर्मा,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जय करन सिंह,क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद,क्षेत्राधिकारी यातायात श्री फहद अली,प्रभारी निरीक्षक मीडिया सेल श्री निशिकान्त राय,प्रभारी निरीक्षक महिला सेल श्री जय प्रकाश उपाध्याय एवं परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।